भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 1294
दिनांक 06.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंध

1294. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) क्या हाल ही में भारत के अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, भूटान, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंध बिगड़े हैं;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या केंद्र सरकार की इन पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को सुधारने/पुनः मैत्रीपूर्ण बनाने की कोई भावी योजना है; और
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से घ) सरकार पड़ोसी देशों में होने वाले घटनाक्रमों, विशेषकर जो भारत की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को प्रभावित करते हैं, पर लगातार नज़र रखती है। सरकार अपने पड़ोसियों के साथ भारत के संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, जो बहुआयामी हैं और आपसी हितों, संवेदनशीलता और मौजूदा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार विकसित होते हैं।

भारत, 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'विज़न महासागर' के तहत, लगातार राजनयिक वार्ता, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आदान-प्रदान, व्यापार, कनेक्टिविटी पहलों और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से अपने पड़ोसी देशों के साथ संपर्क में है। सरकार भारत की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने और इस क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****